E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–34/2023........................**

**आदेश**

प्रस्तुत वाद श्री अमन कुमार पाठक (Emp. Id. AEN03506), संविदा समाप्त, विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पारित आदेश ज्ञापांक–4096 दिनांक– 02.05.2023 के विरूद्ध अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार के समक्ष दायर किया गया है। दिनांक–02.02.2024 को अपीलीय प्राधिकार द्वारा निदेशालय आदेश ज्ञापांक–4096 दिनांक–02.05.2023 को निरस्त करते हुए अपील वाद को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को Remand किया गया।

उक्त के आलोक में वाद की पुर्नसुनवाई हेतु तिथि/समय की सूचना निदेशालय पत्रांक–905 दिनांक–21.02.2024 के द्वारा आवेदक को प्रेषित किया गया।

वादी उपस्थित।

वादी श्री अमन कुमार पाठक (Emp. Id. AEN03506), की वाद माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर C.W.J.C No.–10749/2020 ऋषिकेश कुमार बनाम बिहार सरकार एवं अन्य तथा C.W.J.C No.–737/2021 आशीष प्रकाश एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य के मामले में याचिकाकर्त्ता द्वारा उठाये गये बिन्दुओं की जाँच हेतु जाँच दल गठित की गयी। जाँच दल द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि– **"अमन पाठक के फोल्डर के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा EWS कोटि में आवेदन फार्म अपलोड किया गया है, परन्तु आवेदन फार्म के साथ EWS Certificate अपलोड नहीं किया गया है। इनके द्वारा आवेदन फार्म दिनांक–12.03.2019 को अपलोड किया गया है, परन्तु EWS Certificate दिनांक 04.06.2019 को निर्गत है। इससे स्पष्ट होता है कि अमन पाठक का EWS Certificate आवेदन करने के बाद निर्गत किया गया है। अतः इनका चयन EWS श्रेणी में किया जाना गलत है।"**

त्रि–सदस्यीय समिति के उक्त जाँच प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा एवं अभिलेखों के आधार पर इनकी सेवा समाप्त की गयी है।

वादी द्वारा बताया गया कि नियोजन हेतु Online Application Form में EWS कोटि का प्रमाण–पत्र Upload नहीं किया जाना था। मात्र Category बॉक्स में √ करने का प्रावधान ऑनलाईन दिया गया था, फलस्वरूप अंचल कार्यालय द्वारा EWS कोटि का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के बाद प्रस्तुत किया गया है।

वादी द्वारा अपने पक्ष में लिखित वक्तव्य दाखिल किया गया है, जिसमें अंकित किया गया है कि "आवेदन फार्म भरने में EWS पर टिक करना था, जो कि हमने किया क्योंकि EWS के अन्तर्गत आने के लिए ये सारी अहर्त्तायें पूरी करते है। EWS 22 फरवरी, 2019 को ही बिहार कैबिनेट में पास हुआ और मार्च तक यहाँ ब्लॉक ऑफिस में संपूर्ण जानकारी नहीं होने के कारण EWS सर्टिफिकेट निर्गत करने में विलंब हुआ"।

वादी के कथन, वादी द्वारा दाखिल व रक्षित अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विज्ञापन संख्या–01/2019 द्वारा संविदा आधारित पदों के नियोजनार्थ ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 01.04.2019 के अपराह्न 11:59 बजे तक निर्धारित थी। आवेदक द्वारा दिनांक–12.03.2019 को (अंतिम तिथि के 20 दिन पूर्व) ऑनलाईन आवेदन दाखिल किया गया है, जबकि इनका EWS प्रमाण–पत्र दिनांक– 04.06.2019 (अंतिम तिथि के 64 दिनों के बाद) को निर्गत है।

ऑनलाईन आवेदन के Document upload checklist में जिन प्रमाण–पत्रों को संलग्न किये जाने थे, उनसे संबद्ध बाक्स में √ किये जाने का प्रावधान किया गया था, जबकि आवेदक द्वारा मनमाने ढंग से बिना प्रमाण पत्र के संबद्ध बाक्स के √ किया गया है, जो कि गलत है।

उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि आवेदन भरने की तिथि तक वादी के पास EWS कोटि का प्रमाण—पत्र नहीं था अर्थात् आवेदन Online करने की तिथि तक आवेदक का EWS श्रेणी में वांछित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत EWS प्रमाण पत्र उपलब्ध था, इसका कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अतः श्री अमन कुमार पाठक, संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, (Emp. Id. AEN03506) बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल के वाद को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/—
**निदेशक,**
**भू—अभिलेख एवं परिमाप**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांकः— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—34/2023**.........1666.........**पटना, दिनांक :—**06/04/2024

**प्रतिलिपिः—** श्री अमन कुमार पाठक (Emp. Id. AEN03506), संविदा समाप्त, विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल, Email ID- amanpathak0916@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

5/4/2024
**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—34/2023**.........1666.........**पटना, दिनांक :—**06/04/2024

**प्रतिलिपिः—** बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—34/2023**.........1666.........**पटना, दिनांक :—**06/04/2024

**प्रतिलिपिः—** प्रशाखा पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—34/2023**.........1666.........**पटना, दिनांक :—**06/04/2024

**प्रतिलिपिः—** निदेशक कोषांग, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—34/2023**.........1666.........**पटना, दिनांक :—**06/04/2024

**प्रतिलिपिः—** अपर मुख्य सचिव—सह—अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

5/4/2024
**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–34/2023**....1666....  **पटना, दिनांक :–**...06/04/2024...

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/4/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप